# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 505 वर्ष 40

राँची, 30 जून, 2016


## सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



सीएमडी श्री गोपाल सिंह कर्मियों को पर्यावरण शपथ दिलाते हुए

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन पूरे सीसीएल में मनाया गया। मुख्यालय में 03 जून से 05 जून 2016 तक पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

03 जून को बच्चों के लिए पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इस तरह के आयोजन सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी किए गए। मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रों में पर्यावरण दिवस का मुख्य आयोजन 05 जून को किया गया।

मुख्यालय में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सीसीएल कर्मियों तथा विभिन्न स्कूल के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पर्यावरण झंडोतोलन किया। अवसर विशेष पर श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सीसीएल ने वृहत स्तर पर कार्य किए हैं परंतु हमें संतुष्ट नहीं होना है अपितु सतत् पर्यावरण की रक्षा करना है। कोयला उत्पादन से ज्यादा महत्वपूर्ण है पर्यावरण सुरक्षा और सीसीएल इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीसीएल इस वर्ष को पर्यावरण के प्रति समर्पित कर रहा है। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री एस. भट्टाचार्य का पर्यावरण संरक्षण का संदेश पढ़कर सुनाया गया।

## पर्यावरण संरक्षण में पिपरवार पुरस्कृत



पुरस्कार के साथ सीएमडी सीसीएल एवं अधिकारीगण

"विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर सीसीएल की पिपरवार खुली खदान को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण के नियमो/अधिनियमो के पालन हेतु झारखंड राज्य में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिपरवार की ओर से इस पुरस्कार को क्षेत्रिय पर्यावरण पदाधिकारी श्री संजय कुमार ने ग्रहण किया।

इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री (नगर विकास, आवास सह परिवहन), झारखंड सरकार, श्री सी.पी. सिंह, मुख्य अतिथि थे और श्रीमती राजबाला वर्मा, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

## गांधीनगर अस्पताल में कार्यशाला

सीसीएल, गांधीनगर अस्पताल में सीसीएल एवं आईआईसीएम, रांची के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय (16 से 18 जून) घुटना प्रत्यारोपण पर कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रो.(डॉ.) राजेश मल्होत्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अरगडा क्षेत्र के श्री सेवक साव की माता श्रीमती आशा देवी का घुटना प्रत्यारोपण का ऑपरेशन प्रो.(डॉ.) राजेश मल्होत्रा द्वारा किया गया।



चिकित्सीय कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए प्रो. (डॉ.) राजेश मल्होत्रा

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आर्थोपेडिक्स एवं ट्रामा में नवीनतम जानकारी से कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों से आए चिकित्सकों को अवगत कराना था।

कार्यशाला में आए लगभग 35 चिकित्सकों ने चिकित्सा की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर ज्ञान अर्जित किया। कार्यशाला के दौरान दो मरीजों का पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण, इंडोस्कोपी स्पाइनल सर्जरी के माध्यम से किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



योगाभ्यास करते सीसीएल कर्मी

"अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर सी.सी.एल., गांधीनगर क्लब, रांची में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि के योगाचार्य श्री गौतम सिंह ने कर्मियों एवं बच्चों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के "योग शिविर" का सीधा प्रसारण प्रस्तुत किया गया है। सी.सी.एल. मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में लगभग 44 हजार कर्मियों का "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" पर भागीदारी रही।

सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारतवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने जिस रूप से योग को प्रस्तुत किया है इससे हमारा देश गौरवान्वित हुआ है और इससे भारत की गरिमा विश्व पटल पर बढ़ी है। उन्होंने बताया कि सी.सी.एल. ने अपने कर्मियों की "क्वालिटी ऑफ लाईफ" बेहतर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में अनेकों पहल की है एवं रांची और अपने कमांड क्षेत्रों में "योग शिविर" का आयोजन करती आ रही है।

## दावत–ए–इफ्तार का आयोजन

विगत 29 जून को मुख्यालय के "विचार मंच" में रमजान–उल–मुबारक के मौके पर दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हमारे निदेशक(कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र ने सभी को सी.सी.एल. परिवार की ओर से शांति और समृद्धि की शुभकामनाएँ दी तथा ईद–उल–फितर की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की सामूहिक भागीदारी से साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता में बढ़ोतरी होती है।




नि.(का.) श्री आर.एस.महापात्र उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ. मौलाना तलहा नदवी ने पाक रमजान के महीने में रोजे की महत्ता और पाक कुरान के संदेशों की विस्तृत जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन अनवर साहेब ने किया।

## ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर

विगत 05 जून को मुख्यालय खेल मैदान में चौथा ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में कुल 130 छात्रों ने क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समर कैंप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी झारखंड में खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सफलतापूर्वक शिविर आयोजित करने के लिए आयोजको की सराहना की।

श्री माणिक घोष, श्री दीपक कुमार सिन्हा और श्री हरेंद्र पाठक ने क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। श्री विश्वजीत नंदी और श्री संजय ठाकुर ने लड़को और लड़कियों को वॉलीबॉल में प्रशिक्षित किया।




ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में शामिल बच्चे

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

विगत 27 जून को मुख्यालय के "कोयला कक्ष" में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक महाप्रबंधक (एनईई) श्री उदय प्रकाश की अध्यक्षता में की गई। राजभाषा विभाग ने सी.सी.एल. क्षेत्रों को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया।

सी.सी.एल. के क्षेत्रों में प्रथम पुरस्कार सीआरएस, बरकाकाना, द्वितीय बी.एण्ड.के. और तृतीय अरगडा जबकि मुख्यालय के विभागों में प्रथम उत्खनन, द्वितीय राजस्व तृतीय वाशरी विभाग को प्रदान किया गया।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)